प्रेस नोट संख्या- 63

दिनांक 28.06.2024

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 2,500/- रुपये बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 28.06.2024 को उ0नि0 महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 167/24 धारा 379 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में प्रकाश में आई 01 नफर अभियुक्ता दुर्गा सिसोधिया पुत्र आकाश सिसोधिया निवासी ग्राम कडिया पोस्ट पीपिलिया थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश उम्र करीब 40 वर्ष को सैंठा रोड ओवरब्रिज रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब 08:55 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के कब्जे से 2,500/- रुपये बरामद हुये। जिनके संबन्ध में पूछताछ पर अभियुक्ता ने बताया कि मै अपनी दो साथियों मानवी पुत्री सुधीर व सुबेता पुत्री सुधीर निवासीगण ग्राम कुलखेड़ी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश के साथ मुसाफिरखाना तिराहा होटल से बैग चोरी किया था। जिसमें से प्राप्त रुपयों को हमलोगों ने बांट लिया था। अन्य रुपये व बैग मेरे अन्य दो साथियों के पास है। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता–

- दुर्गा सिसोधिया पुत्र आकाश सिसोधिया निवासी ग्राम कडिया पोस्ट पीपिलिया थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश उम्र करीब 40 वर्ष।

वांछित अभियुक्तगण का नाम व पता–

1. मानवी पुत्री सुधीर निवासी ग्राम कुलखेड़ी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश।
2. सुबेता पुत्री सुधीर निवासी ग्राम कुलखेड़ी थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश।

बरामदगी-

- कुल 2,500/- रुपये।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 167/24 धारा 379,411 भादवि थाना गौरीगंज।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. का0 दीपचन्द्र यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. म0का0 रीना यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।